# ललितपुर में जल्द बनेगा एयरपोर्ट, विकास को लगेंगे पंख

**खुशखबरी**

ललितपुर। जनपद में हवाई अड्डे के जल्द निर्माण को जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इस क्रम में शुक्रवार जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने हवाई पट्टी का निरीक्षण कर हवाई अड्डे के लिए अधिग्रहीत भूमि का जल्द से जल्द सीमांकन कराने के निर्देश दिए। जनपद मुख्यालय से सटे ग्राम सिवनीखुर्द में 91 हेक्टेयर क्षेत्र में हवाई अड्डे का निर्माण कराया जाना है।



हवाई पट्टी पर जमीन का नक्शा देखते अफसर व कर्मी। • हिन्दुस्तान

अफसरों का मानना है कि एयरपोर्ट निर्माण से जनपद के विकास को पंख लगेंगे। पैमाईश पूर्ण होने के बाद भूमि नागरिक उड्डयन विभाग के हैण्डओवर कर दी जायेगी और जल्द ही हवाई अड्डा निर्माण का कार्य शुरू हो जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उप जिलाधिकारी सदर व तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की 14 सदस्यीय टीम शीघ्रता से अधिग्रहीत भूमि का सीमांकन कराए। उन्होंने यह भी कहा कि आस पास गांव के किसान, कास्तकार अधिग्रहीत भूमि पर खेती न करें। उन्होंने बताया कि जनपद को हवाई अड्डा की सौगात मिलने से बड़े निवेशकों, पर्यटकों को आने में सुविधा होगी।

इससे नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के साथ-साथ यहां के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों व युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे जनपद को आर्थिक रुप से समृद्धि मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर चंद्रभूषण प्रताप सहित राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

वहीं इस दौरान क्षेत्रीय लोगों का कहना है की क्षेत्र में एयरपोर्ट बनने से बहुत लाभ होगा। हम सब के लिए यह बहुत गौरव की बात है की हमारे क्षेत्र में एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है। इससे क्षेत्र के विकास को नए पंख लगेंगे और नए अवसरों का विकास होगा।